No. of Printed pages:3

**INDIAN SCHOOL SOHAR**
**PRE-BOARD EXAMINATION (2021-22)**
**HINDI (COURSE-B)**
**SUBJECT CODE-085**

**CLASS: X** — **MAX. MARKS:40**
**DATE: 26/02/2022** — **TIME : 2 HOURS**

---

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्न पत्र में कुल दो खंड हैं – खंड 'क' और खंड 'ख'।
- कुल प्रश्नों की संख्या आठ है। खंड 'क' में कुल तीन प्रश्न हैं और खंड 'ख' में कुल पाँच प्रश्न हैं।
- दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
- प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए।

---

## खंड 'क'
## (पाठ्यपुस्तक-स्पर्श और पूरक पाठ्यपुस्तक-संचयन)

**प्रश्न-1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए – (2+2)

(क) कवि मैथिलीशरण गुप्त जी ने 'मनुष्यता' कविता में सबको एक साथ चलने की प्रेरणा क्यों दी है और इससे समाज को क्या लाभ हो सकता है ?

(ख) कवि ने तालाब की समानता किसके साथ दिखाई है और क्यों ? 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर बताइए।

(ग) 'टी सेरेमनी' में चाय पीने वालों के अनुभवों को 'झेन की देन' पाठ के आधार पर अपने शब्दों में लिखिए।

**प्रश्न-2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में दीजिए – (4)

(क) महाराणा प्रताप सच्चे देशभक्त थे। उन्होंने अधीनता स्वीकार नहीं की थी। उन्होंने अपने देश को आज़ादी दिलाने का प्रण लिया और सपरिवार जंगलों में अपना जीवन व्यतीत किया। 'इसी प्रकार जाँबाज सिपाही वजीर अली के दिल में अंग्रेज़ों के प्रति नफरत कूट-कूटकर भरी हुई थी और उनके जीवन का लक्ष्य अंग्रेज़ों को भारत से बाहर करना था।' 'कारतूस' पाठ के आधार पर कथन की सत्यता सिद्ध कीजिए।

(ख) आज की युवा पीढ़ी ऐसे रोजगार के क्षेत्रों को अपनाना चाहती है जिससे वह अधिक से अधिक मात्रा में धन अर्जित कर सके। उनके जीवन से देशभक्ति, देशप्रेम, त्याग आदि जैसे भाव कम होते जा रहे हैं। इन पंक्तियों के आधार पर आज के संदर्भ में 'कर चले हम फ़िदा' गीत के संदेश का महत्त्व स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न-3.** पूरक पाठ्यपुस्तक 'संचयन' के तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए – (3+3)

(क) 'इस बार अपने घर पर जो बदलाव उन्होंने लक्ष्य किया, उसने उन्हें आश्चर्य में डाल दिया। घर के छोटे-बड़े सब उन्हें सिर-आँखों पर उठाने को तैयार थे।'
'भाई जब समझाते-समझाते हार गए तब उन्होंने डाँटना और दबाव देना शुरू किया।'
'एक रात उनके भाइयों ने वही रूप धारण कर लिया जो महंत और उनके सहयोगियों ने धारण किया था।'
हरिहर काका के परिवार में घर वालों का बदलता व्यवहार आपको क्या सोचने के लिए विवश करता है? 'हरिहर काका' कहानी के आधार पर बताइए।

(ख) 'दूसरे कलेक्टर ठाकुर हरनाम सिंह के तीनों लड़कों में से कोई उसका दोस्त न बन सका। उन तीनों को इसका एहसास था कि वे कलेक्टर के बेटे हैं। किसी ने टोपी को मुँह नहीं लगाया।'
'पिता के ऊँचे पद का अभिमान बच्चों में पवित्रता को नष्ट कर देता है।''टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर प्रस्तुत कथन की सार्थकता प्रमाणित कीजिए।

(ग) लेखक गुरदयाल सिंह जी ने पाठ में गर्मी की छुट्टियों की दिनचर्या का वर्णन किया है। आप अपनी गर्मी की छुट्टियों तथा लेखक की गर्मी की छुट्टियों की दिनचर्या में क्या-क्या समानताएँ और असमानताएँ पाते हैं ? स्पष्ट कीजिए।

## खंड 'ख'
## (लेखन)

**प्रश्न-4.** निम्नलिखित विषयों में से <u>किसी एक</u> विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- **(6)**

(क) एक भारत, श्रेष्ठ भारत
- विविधता में एकता
- विश्व-पटल पर उभरता भारत
- श्रेष्ठ भारत की विशेषताएँ

(ख) वृक्ष रहेंगे, हम रहेंगे
- वृक्षों से लाभ
- मनुष्यों का स्वार्थपूर्ण व्यवहार
- वृक्षों के प्रति हमारे कर्त्तव्य

(ग) बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ - अद्भुत योजना
- योजना आरंभ करने के कारण
- योजना के उद्देश्य
- योजना के लाभ

**प्रश्न-5.** आप रेलगाड़ी द्वारा आगरा से जयपुर गए थे। रेलगाड़ी में आपका एक बैग छूट गया है। बैग का पता लगाने हेतु रेलवे-प्रबंधक को लगभग 120 शब्दों में एक पत्र लिखिए। **(5)**

**अथवा**

शहर में घूमते आवारा पशुओं से उत्पन्न समस्याओं की ओर जनता तथा संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराने हेतु दैनिक समाचार-पत्र के मुख्य संपादक को लगभग 120 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

**प्रश्न-6.** (क) 'खाद्य-सामग्री में मिलावट करके बेचना अपराध है।' दुकानदारों को इसकी जानकारी देते हुए स्वास्थ्य अधिकारी की ओर से लगभग 50 शब्दों में एक सूचना जारी कीजिए। **(2½)**

**अथवा**

पुस्तक प्रदर्शनी में विद्यार्थियों और अभिभावकों को आमंत्रित करते हुए प्रधानाचार्य की ओर से लगभग 50 शब्दों में एक सूचना जारी कीजिए।

(ख) आपके शहर में 'हिंदी सेवी संस्था' की ओर से 'कन्या महाविद्यालय के प्रांगण' में 'हास्य कवि गोष्ठी' का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए संस्था के सचिव की ओर से लगभग 50 शब्दों में एक सूचना जारी कीजिए । (2½)

**अथवा**

विभिन्न क्षेत्रों में 'प्रतिभा-खोज' हेतु नामांकन की जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य की ओर से लगभग 50 शब्दों में एक सूचना जारी कीजिए।

प्रश्न-7. (क) विद्यालय के विद्यार्थियों ने अनुपयोगी वस्तुओं से अनेक सजावटी वस्तुओं का निर्माण किया है। बाल-दिवस पर बाल-मेले का आयोजन किया जाएगा जिसमें इन वस्तुओं की प्रदर्शनी और बिक्री होगी। इसके प्रचार हेतु लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (2½)

**अथवा**

'झंकार नृत्य प्रशिक्षण केंद्र' के बारे में प्रचार करने हेतु लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

(ख) आपकी 'गृहसज्जा' नामक एक दुकान है, जिसमें मिट्टी और लकड़ी से निर्मित अनेक कलाकृतियाँ हैं। इन कलाकृतियों की बिक्री हेतु लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (2½)

**अथवा**

बाज़ार में 'कनक पैंसिल' नामक नया उत्पाद आया है। इसके प्रचार हेतु लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्रश्न-8. निम्नलिखित में से <u>किसी एक</u> शीर्षक पर लगभग 120 शब्दों में लघुकथा लिखिए - (5)

(क) गुरुदक्षिणा

(ख) परोपकारी राजा

*******************************************